जन जन का उद्धार करेगी राम कथा भजन लिरिक्स

जन जन का उद्धार,
करेगी राम कथा,
जन जन का कल्याण,
करेगी राम कथा।bd।

राम लखन प्रिय भरत शत्रुघ्न,
संग जानकी अंजनी नंदन,
मन मंदिर दरबार,
करेगी राम कथा,
जन जन का कल्याण,
करेगी राम कथा।bd।

कथा जित की हार नही है,
मिलता तुरत उधार नही है,
सफल नगद व्यापार,
करेगी राम कथा,
जन जन का कल्याण,
करेगी राम कथा।bd।

धरम कर्म करुणा श्रद्धा से,
न्याय नीति नित मर्यादा से,
राम राज्य साकार,
करेगी राम कथा,
जन जन का कल्याण,
करेगी राम कथा।bd।

राम कथा जो श्रवण कराते,
सरल प्रेम से सुनने आते,
उनको भव से पार,
करेगी राम कथा,
Bhajan Diary Lyrics,
जन जन का कल्याण,
करेगी राम कथा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जन जन का उद्धार,
करेगी राम कथा,
जन जन का कल्याण,
करेगी राम कथा।bd।

Singer – Anand Ji Maharaj

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com